विहार विधान सभा वादवृत्त।

भारत के संविधान के उपबंध के अनुसार एकत्र विधान सभा का कार्य-विवरण। सभा का अधिवेशन पटने के सभा सदन में शुक्रवार, तिथि १८ मार्च १९५५ को ११ बजे पूर्वाह्न में माननीय अध्यक्ष श्री विन्ध्येश्वरी प्रसाद वर्म्मा के सभापतित्व में हुआ।

अल्प-सूचना प्रश्नोत्तर।

## SHORT-NOTICE QUESTIONS AND ANSWERS.

### CONTROL OF T. B., MALARIA AND LEPROSY.

**117. Shri GUPTA NATH SINGH** : Will the Minister in charge of the Medical Department be pleased to state—

(*a*) whether it is a fact that T. B., Malaria and Leprosy are the major health problems of Bihar ;

(*b*) whether it is a fact that Government have initiated there separate schemes for the control of T. B., Malaria and Leprosy ;

(*c*) the strength of the staff with their designations and pay scale for each of the above three schemes on the 1st January, 1955 ;

(*d*) if the answer to clauses (*a*) and (*b*) be in the affirmative, will Government be pleased to give details regarding steps taken to check these menaces ?

---

**Shri HARI NATH MISHRA** : (*a*) The answer is in the affirmative.

(*b*) The answer is in the affirmative.

(*c*) Statements are placed on the Library table.

(*d*) The necessary details are placed on the Library table.

श्री जगन्नाथ प्रसाद सिंह—में यह सरकार से जानना चाहता हूं कि टी० बी०, मलेरिया और लेपरोसी का मुकावला करने के लिये सबडिवीजन में सरकार के पास कोई योजना है या नहीं ?

अध्यक्ष—सबडिवीजन तो राज्य के बाहर नहीं है।

श्री जगन्नाथ प्रसाद सिंह—सबडिवीजनल अस्पतालों में यह सुविधा अप्राप्त है इसलिए मैं यह प्रश्न पूछ रहा हूं।

श्री हरिनाथ मिश्र—इस संबंध में मैंने विवरण पुस्तकालय टेबुल पर रख दिया है उसमें इसकी चर्चा है। मैं इतना कह सकता हूं कि सबडिवीजनल अस्पतालों में जहां टी० बी० वार्ड नहीं हैं वहां इसके बनाने का कार्यक्रम है।

श्री जगन्नाथ प्रसाद सिंह—टी० बी० वार्ड हर जगह संभव नहीं है लेकिन जहां तक मलेरिया का संबंध है मैं यह जानना चाहता हूं कि डिस्ट्रिक्ट बोर्ड के मौजूदा अस्पतालों में इसके लिए कुछ प्रबंध किये जा रहे हैं या नहीं ?

श्री हरिनाथ मिश्र—इसके संबंध में भी विवरण में सब कुछ दिया हुआ है। मुख्य कार्यक्रम नेशनल मलेरिया कंट्रोल का ही है जिसके १४ यूनिट्स चलने लगे हैं और इससे १ करोड़ ४० लाख की आबादी की रक्षा हम करना चाहते हैं, ऐसे क्षेत्रों की रक्षा जहां मलेरिया भयंकर प्रकोप में है।

श्री जगन्नाथ प्रसाद सिंह—मैं यह जानना चाहता हूं कि मलेरिया की जांच के लिए माइक्रोस्कोप यंत्र की व्यवस्था हर डिस्ट्रिक्ट बोर्ड डिसपेंसरी में की जाय इसकी तरफ सरकार का ध्यान गया है या नहीं ?

श्री हरिनाथ मिश्र—इसका जवाब मैं आफ हैंड नहीं दे सकता।

श्री गुप्त नाथ सिंह—अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री ने मलेरिया के बारे में बतलाया लेकिन लेपरोसी के नियंत्रण की क्या व्यवस्था है मैं यह जानना चाहता हूं? विवरण रखने की माननीय मंत्री ने कृपा की है इसलिए मैं और कुछ अधिक नहीं पूछ सकता हूं?

अध्यक्ष—इसलिए आप अभी नहीं पूछें। विवरण के पढ़ने के बाद पूछना जरूरी हो तो आप अल्प-सूचना प्रश्न आज ही दे सकते हैं।

श्री गुप्तनाथ सिंह—अच्छी बात है लेकिन नियंत्रण के संबंध में मैंने पूछा है कि क्या हो रहा है, इसका जवाब चाहता हूं।

श्री हरिनाथ मिश्र—अध्यक्ष महोदय, मैं अपनी कठिनाई को बतलाना चाहता हूं। मलेरिया, टी० बी० और कुष्ठ सभी के संबंध में प्रश्न हैं और व्यापक प्रश्न हैं। मैंने इसके संबंध में विवरण रख दिया है इसकी चर्चा मैंने की है। इसलिए इन बीमारियों के संबंध में जितने पूरक प्रश्न पूछे जायं उनका मैं आफ हैन्ड जवाब देता जाऊं, यह संभव नहीं है।

अध्यक्ष—इसीलिए मैंने तो कहा है कि माननीय सदस्य को विवरण पढ़ने के बाद प्रश्न पूछने में फायदा है।

श्री गुप्त नाथ सिंह—अध्यक्ष महोदय, मैं केवल इतना ही जानना चाहता हूं कि प्रत्येक जिले में जहां कुष्ठ की अधिक व्यापकता दृष्टिगोचर हो रही है वहां पर सरकार की तरफ से क्या व्यवस्था की गई है ?

श्री हरिनाथ मिश्र—यह प्रश्न उत्तर बिहार के संबंध में है लेकिन उत्तर बिहार में व्यापकता की समस्या खड़ी हुई है यह मैं नहीं जानता।

श्री गुप्त नाथ सिंह—यह तो प्रांत भर का सवाल है?

श्री हरिनाथ मिश्र—असल में पहले तीन-चार जिलों, सिंहभूम, मानभूम और संथाल परगना की यह समस्या थी और इन जिलों में मिशनरीज हैं जो क्लिनिक्स चलाती हैं और उन्हें सरकार सहायता देती है। फिर इसके अलावा इन तीन जिलों में जितने डिस्ट्रिक्ट बोर्ड हॉस्पिटल्स हैं उन्हें आउटडोर क्लिनिक्स चलाने के लिए पांच-पांच सौ के सल्फोन ड्रग्स दिये गये हैं। उनमें मरीज आते हैं और सल्फोन ट्रीटमेंट होता है।

श्री गुप्तनाथ सिंह—यह सही है कि जिन जिलों के बारे में माननीय मंत्री ने बतलाया वहां बहुत ही व्यापक रूप में यह रोग है लेकिन अन्य जिलों में भी यह रोग व्यापक रूप धारण करता जा रहा है जिसके कारण सरकार ने इसे हेल्थ प्रोब्लेम कहा है। इन जिलों में जो जिला अस्पताल हैं उनमें सरकार की तरफ से कोई ऐसी व्यवस्था है या नहीं जिससे इसका नियंत्रण किया जा सके, मैं सरकार से यह जानना चाहता हूं।

श्री हरिनाथ मिश्र—अन्य जिलों में भी इसकी व्यापकता है इसकी खबर सरकार को नहीं है। कम-से-कम शाहाबाद के बारे में मैं कह सकता हूं कि वहां के बारे में ऐसी खबर नहीं है।

श्री दामोदर झा—क्या सरकार को मालूम है कि मुजफ्फरपुर जिले में तीन सौ आदमियों को कुष्ठ रोग पकड़े हुये है ?

श्री हरिनाथ मिश्र—इस संबंध में जो आगे प्रश्न है उसमें इसकी चर्चा है।

श्री बोकाया मंडल—मैं सरकार से यह जानना चाहता हूं कि मलेरिया को रोकने के लिए जितने अस्पताल हैं उनमें मलेरिया इंजेक्शन की व्यवस्था सरकार क्यों नहीं करती है ?

श्री हरिनाथ मिश्र—अध्यक्ष महोदय, मेरी लाचारी आप महसूस करें। मलेरिया केंद्र में इंजेक्शन देने की व्यवस्था नहीं है ऐसा माननीय सदस्य कहते हैं। मैं इसे न स्वीकार कर सकता हूं और न अस्वीकार। क्योंकि हमें जानकारी नहीं है कि कहां-कहां मलेरिया केंद्र चल रहे हैं। इसलिए इसका जवाब मैं अभी नहीं दे सकता हूं।